an>

Title: Regarding the issue of mine closure and affected worker families in Jamshedpur Parliamentary Constituency.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के मुसाबनी प्रखण्ड के अन्तर्गत एचसीएल आईआईसीसी के सुरदा माइंस के ठेकेदार इंडिया रिसोर्स लिमिटेड (आस्ट्रेलिया एनआरआई) कम्पनी ने मार्च 2007 से चालू किया एवं 2 जून 2017 तक खनन का कार्य किया। इसके बाद अचानक कम्पनी ने काम बन्द कर दिया। कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अरविन्द मिश्रा एवं मैनेजर रातों रात वहाँ के सप्लायरों तथा मजदूरों का पैसा लेकर भाग गये। जिसके कारण सप्लायरों, मजदूरों का करोड़ों रुपया फंसा हुआ है। इस कम्पनी के अन्दर लगभग दो हजार मजदूर काम किया करते हैं, जिनका पैसा लेकर वे भाग गये हैं। मजदूरों, सप्लायरों के समक्ष रोजी, रोजगार एवं भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय कारपोरेट मंत्रालय से माँग करता हूँ कि उपरोक्त विषय में उच्च स्तरीय कमेटी से जाँच करवाकर उक्त कम्पनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये तथा सप्लायरों, मजदूरों का बकाया पैसा दिलवाया जाये। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री विद्युत वरन महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल जी, आप एक सेकेंड में अपनी डिमांड रखिए। आपकी केवल डिमांड है।